आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

रंगो का त्योहार होली आज प्रदेश भर में परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। लोगों ने सारे भेद–भाव भुलाकर सुबह से दोपहर बाद तक रंग, अबीर और गुलाल से जमकर होली खेली तो शाम होते ही एक दूसरे के घर जाकर होली मिलन का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गोरखपुर में होली के पर्व का विशेष आकर्षण भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा रही जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पारंपरिक रूप से सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने भगवान नृसिंह की आरती उतारने के बाद लोगों के बीच फूलों और गुलाल से जमकर होली खेली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि–

बहनों और भाईयों होली का यह पर्व हम भारत में ऐसे समय में आयोजित कर रहे हैं जब पूरी दुनिया में अव्यवस्था, अशांति, अराजकता का ऐसा वातावरण है, लेकिन, भारत अपने यशस्वी नेतृत्व में आनंद और उत्साह के साथ उमंग के साथ इस पर्व का आनंद ले रहा है।

अयोध्या में होली का उत्साह चरम पर रहा। होली के दिन रामलला को पिचकारी धारण कराई गयी। एक रिपोर्ट–

अयोध्या इस होली पर खूब इठलाई,विशेष आकर्षण का केंद्र भगवान राम लला रहे,जिनका भक्तों ने होली खेलते स्वरूप में दर्शन किया और निहाल हो उठे, कारण कि आज सुबह रामलला को श्रंगार के बाद गुलाल लगाने के साथ ही पिचकारी धारण कराई गई, साथ ही विशेष व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया,दूसरे पहर रामलला के दरबार में संगीत की महफिल जमीं और तुलसीदास के रचित बसंत के गीतों की धुन पर पुजारी जमकर थिरके और 10 कुंतल फूल रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं पर बरसाए गये, तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।

काशी में भी होली का विशेष उत्साह देखा गया। होली के रंग में रंगे भक्तें ने बाबा विश्वनाथ को भी गुलाल अर्पित किया। काशी में बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी होली मनाने पहुंचे। मथुरा, चित्रकूट, बलरामपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। होली के पावन पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। होली को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी महानगरों में बिजली और पानी आपूर्ति के विशेष इंतजाम किए गये।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर महानगर को जाम से मुक्त शहर बनाने के निर्देश दिए हैं। कल गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में अधिकारियों के साथ विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा कराया जाए। उन्होंने विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने और कानून व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रखने के भी निर्देश दिए।

****

ईरान की राजधानी तेहरान में बासिज मुख्यालय और आंतरिक सुरक्षा कमान केंद्रों पर इस्राएल के सिलसिलेवार हमलों से पश्चिम एशिया में जारी संकट और गहरा गया है। पश्चिमी एशिया में जारी इस संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने भारतीय विमान कंपनियों की विशेष उड़ानें संचालित करने की योजना बनाई है। यात्रियों को हवाई अड्डे पहुंचने से पहले विमानन कंपनियों से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

****

नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव को देखते हुए राज्य से सटी भारत–नेपाल की सीमाएं बहत्तर घंटों के लिए सील कर दी गई हैं। नेपाल में कल होने वाले चुनाव से पहले भारत नेपाल की समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बीच एसएसबी और पुलिस ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। इस दौरान सिर्फ आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर किसी भी तरह के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चुनाव संपन्न होने के बाद सीमा को सामान्य रूप से फिर से खोल दिया जाएगा।

****

प्रदेश में इस वर्ष भी पैंतीस करोड़ से अधिक पौधरोपण कराया जाएगा। इसे लेकर शासन स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य में दो सौ बयालीस करोड़ से अधिक पौधे रोपे गये इसके चलते प्रदेश का वनाच्छादन पांच सौ उन्सठ वर्ग किलोमीटर बढ़ा है।

****

आईसीसी टी ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम सात बजे से शुरू होगा। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता आठ मार्च को अहमदाबाद में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से सतही हवा चलने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद के तीन–चार दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी का अनुमान है।

****